भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा ने नेपाल के भूकंप पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई

नई दिल्ली 5 मई, 2015- भारत सरकार द्वारा नेपाल के भूकंप पीड़ितों की मदद हेतु की गई पहल के अंतर्गत, नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने नई दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास को लगभग 25 टन राहत सामग्री उपलब्ध कराई जिसमें आवश्यक खाद्य वस्तुएं, कंबल, बरसाती टैन्ट, साफ-सफाई की वस्तुऐं, दवाईयाँ और बर्तन आदि शामिल थे।

अध्यक्ष, भाविप्रा की ओर से श्री जी.के. चौकियाल, सदस्य (प्रचालन), भाविप्रा तथा श्री राकेश कालरा, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) व भाविप्रा के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा यह राहत सामग्री भारत मे नेपाल के राजदूत महामहिम श्री दीप कुमार उपाध्याय को प्रदान की गई। इस अवसर पर नेपाली राजदूत ने इस संकट की घड़ी में भाविप्रा द्वारा की गई मदद पर आभार व्यक्त किया।

जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी हेतु कृपया संपर्क करें

म.प्र.(ज.सं) 9810025069, 011-24622787

सं. 08/2015-16

अध्यक्ष, भाविप्रा की ओर से श्री जी.के.चौकियाल, सदस्य (प्रचालन) नेपाली राजदूत महामहिम श्री दीप कुमार उपाध्याय को नेपाल के भूकंप पीड़ितों हेतु राहत सामग्री प्रदान करते हुए। चित्र में भाविप्रा तथा नेपाली दूतावास के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी दिखाई दे रहे हैं।